दिनांक: 15 अगस्त 2026

**प्रेस-विज्ञप्ति**

**स्वतंत्रता दिवस पर मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में ध्वजारोहण समारोह**

आज दिनांक 15 अगस्त, 2026 : को मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रात: 8:45 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आई. एम. रोहतगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को श्रद्धापूर्वक सलामी दी और वंदे मातरम गीत गाकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक चेतना का संचार किया |

अपने उद्बोधन में डॉ. रोहतगी ने कहा, "आज ध्वजारोहण करते समय मेरे हृदय में जो गर्व, उमंग और देशभक्ति का ज्वार उमड़ रहा है, उसे शब्दों में व्यक्त कर पाना अत्यंत कठिन है। इस पावन अवसर पर हम सभी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हम सभी चैम्बर सदस्य यह संकल्प लेते हैं कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना पूर्ण सहयोग और योगदान देंगे।

उन्होंने आगे कहा आज हम अपनी आज़ादी का जश्न मना रहे हैं, हमारी दूसरी लड़ाई बेरोज़गारी के खिलाफ़ होगी। देश को रोजगार सृजन की सृदृढ़ पॉलिसी बनाकर उसका क्रियान्वयन शीघ्र करना होगा | कानपुर कभी उद्योग, मिलों और रोज़गार का बड़ा केंद्र था और आज कानपुर धीरे धीरे बूढ़ो का शहर बनता जा रहा है | हमारे युवा रोज़गार की तलाश में दूसरे शहरों की ओर जा रहे हैं। हमें इस स्थिति को बदलना होगा। कानपुर की खाली मिल-ज़मीनों का उपयोग नए उद्योग, स्टार्टअप, कौशल केंद्र और रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए किया जाए।

आइए हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान दें जो आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और सबके लिए समावेशी हो।

समारोह में चैम्बर के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से कौंसिल सदस्य सर्वश्री अनिल कुमार अग्रवाल, विजय पांडे, सुशील शर्मा, टीकम चंद सेठिया, विमल झाझरिया, स्वस्तंत्र सिंह, अमित कुमार, सुधीर सिंह, शेष नारायण त्रिवेदी, एवं अतुल मेहरोत्रा सम्मिलित रहे।